सत्यमेव जयते

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना 800022

पत्रांक–बी०एस०यू०(वी.सी.)–45 / 2019–529 / रा०स०(1), दिनांक– 06·03·2020

प्रेषक,

ब्रजेश मेहरोत्रा,
राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव

सेवा में

कुलपति

पटना विश्वविद्यालय, पटना ।
कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा ।
भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा ।
ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा ।

विषयः–विश्वविद्यालयों द्वारा लिये जाने वाले नीतिगत निर्णय के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, पटना, कुलपति, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा, कुलपति, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा एवं कुलपति, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा का कार्यकाल निकट भविष्य में समाप्त हो रहा है । इस आलोक में माननीय कुलाधिपति सह महामहिम राज्यपाल, बिहार ने यह निर्देश देने की कृपा की है कि इन विश्वविद्यालयों में किसी प्रकार के नीतिगत निर्णय/ किसी प्रकार की नियुक्ति अथवा स्थानान्तरण इत्यादि की कार्रवाई नहीं की जाय । इस प्रकार किसी भी नई योजना यह अन्य नए कार्य जिसमें वित्तीय दायित्व का निर्धारण हो रहा हो, वैसे निर्णय नहीं लिये जाय। यदि विशेष परिस्थितिवश कार्यहित में किसी प्रकार के नीतिगत/ वित्तीय निर्णय लिये जाने की आवश्यकता हो तो माननीय कुलाधिपति से पूर्वानुमति प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई की जाय ।

अनुरोध है कि माननीय कुलाधिपति के उपर्युक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय तथा पत्र के प्राप्ति की सूचना दी जाय ।

विश्वासभाजन,

(ब्रजेश मेहरोत्रा) 6/3
राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव